# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

## अल्प कालीन निविदा–सूचना

मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा 26 निर्माण/विकास कार्यों हेतु, दिनांक 06.01.2016 को निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं, जिसके क्रम संख्या–01, 02, व 03 पर अंकित कार्यों हेतु किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभाग में पंजीकृत अनुभवी फर्मों से, क्रम संख्या–13, 14 व 15 पर अंकित कार्यों हेतु सम्बन्धित कार्य में दक्ष/विशेषज्ञ फर्मों से तथा अन्य कार्यों हेतु प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र निविदा आमन्त्रण की दिनांक से एक दिन पूर्व अपरान्ह 5:00 बजे तक प्राधिकरण की वैबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे। निविदायें निर्धारित दिनांक को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं जिलाधिकारी कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में प्राप्त की जायेगी और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष/प्राधिकरण सभागार में, उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाताओं को अधिशासी अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ के पक्ष में, निर्धारित धनराशि की विधिवत् बन्धक प्रतिभूति, एन0एस0सी0/राष्ट्रीकृत अथवा शेड्यूल बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0, अग्रिम धरोहर धनराशि के रूप में एवं निविदा शुल्क उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में, निविदा के साथ संलग्न/नत्थी करनी अनिवार्य होगी। **निविदा प्रपत्र प्राधिकरण कार्यालय से निर्गत नहीं किये जायेंगे, मात्र प्राधिकरण की वैबसाइट पर ही उपलब्ध रहेंगे।** कार्यो का विस्तृत विवरण एवं शर्तें प्राधिकरण की वैबसाईट www.mdameerut.in पर उपलब्ध हैं।

17/12/15

मुख्य अभियन्ता

17/12/15

T.N.-65

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

## अल्प कालीन निविदा–सूचना

मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित कार्यों में क्रम संख्या–01, 02, 03, 13, 14 व 15 पर अंकित कार्यों हेतु किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभाग में पंजीकृत अनुभवी फर्मो से तथा अन्य कार्यों हेतु प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक **06.01.2016** को निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निविदा आमन्त्रण की दिनांक से एक दिन पूर्व अपरान्ह 5:00 बजे तक प्राधिकरण की वैबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे। निविदायें निर्धारित दिनांक को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं जिलाधिकारी कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में प्राप्त की जायेगी और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष/प्राधिकरण सभागार में, उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (14% वैट सहित) | कार्य अवधि | कार्य की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | समाजवादी आवास योजना के अन्तर्गत डा0 राम मनोहर लोहिया नगर आवासीय योजना पाकेट–के में 85 पाँच मंजिले टाईप–ए भवनों का निर्माण कार्य। | 784.51 | 41.23 | 5700/- | 18 माह | — |
| 2 | गंगा नगर योजना के पाकेट–एच में चार मंजिले 96 ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों का निर्माण व आन्तरिक विकास कार्य। | 355.60 | 19.78 | 5700/- | 18 माह | — |
| 3 | डिफेन्स एन्क्लेव योजना के पाकेट–ए में चार मंजिले 72 ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों का निर्माण व आन्तरिक विकास कार्य। | 305.69 | 17.29 | 5700/- | 18 माह | — |
| 4 | सूरजकुण्ड से ईस्टर्न कचहरी रोड़ तक साईकिल ट्रैक का निर्माण कार्य (भाग–1) | 206.79 | 12.34 | 5700/- | 04 माह | ए+ |
| 5 | सूरजकुण्ड से ईस्टर्न कचहरी रोड़ तक साईकिल ट्रैक का निर्माण कार्य (भाग–2) | 206.79 | 12.34 | 5700/- | 04 माह | |
| 6 | जिलाधिकारी आवास के चारो ओर सडक चौडीकरण में बाधक फीडर नं0 एफ–3 विद्युत लाईन शिफ्टिंग का कार्य। | 135.36 | 8.77 | 5700/- | 02 माह | ए |
| 7 | जिलाधिकारी आवास के चारो ओर सडक चौडीकरण में बाधक फीडर नं0 एफ–4 व 33 के0वी0 विद्युत लाईन शिफ्टिंग का कार्य। | 111.19 | 7.56 | 5700/- | 02 माह | ए |
| 8 | शताब्दी नगर योजना सेक्टर–10 (एयरपोर्ट एन्क्लेव) में आन्तरिक सड़कों का निर्माण कार्य। | 90.05 | 6.51 | 2850/- | 03 माह | ए |
| 9 | लोहिया नगर आवासीय योजना के पाकेट–सीपी में एस0टी0पी0 के पास निर्माणाधीन 384 एल0आई0जी0 भवनों के मध्य विकास कार्य। | 79.81 | 6.00 | 2850/- | 04 माह | ए |
| 10 | जिलाधिकारी आवास के चारो ओर सडक चौडीकरण में बाधक फीडर नं0 एफ–1 व एफ–2 विद्युत लाईन शिफ्टिंग का कार्य। | 76.10 | 5.81 | 2850/- | 02 माह | ए |
| 11 | मोदीपुरम में निर्मित एस0टी0सी0 से रूडकी रोड पर निर्मित नाले तक कवर्ड ड्रेन व पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | 63.12 | 5.16 | 2850/- | 03 माह | ए |
| 12 | जिलाधिकारी आवास के चारो ओर पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 56.89 | 4.85 | 2850/- | 02 माह | ए |
| 13 | मेरठ कलेक्ट्रेट के सभागार (बचत भवन) के जीर्णोद्धार का कार्य (भाग–1)। | 22.29 | 2.23 | 1140/- | 02 माह | — |
| 14 | मेरठ कलेक्ट्रेट के सभागार (बचत भवन) के जीर्णोद्धार का कार्य (भाग–2)। | 22.78 | 2.28 | 1140/- | 02 माह | — |
| 15 | प्राधिकरण कार्यालय भवन में 15 किलोवाट क्षमता का सोलर पॉवर प्लान्ट स्थापित करने व एल0ई0डी0 लाईट लगाये जाने का कार्य। | 21.78 | 2.20 | 1140/- | 02 माह | — |
| 16 | प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में पथ प्रकाश व्यवस्था की रिपेयरिंग हेतु विद्युत सामग्री की आपूर्ति का कार्य। | 17.78 | 1.78 | 1140/- | 01 माह | सी |
| 17 | रक्षापुरम योजना में सेक्टर–1, 2 व 3 के मध्य 18 मी0 चौडी सडक पर बी0एम0 एस0डी0सी0 का कार्य। | 14.75 | 1.48 | 1140/- | 01 माह | सी |
| 18 | गंगाधाम से रजपुरा (वाया आश्रम) तक सडक सुदृढीकरण का कार्य। | 14.45 | 1.45 | 1140/- | 01 माह | सी |
| 19 | रक्षापुरम योजना के सेक्टर–4 में आन्तरिक विकास कार्य। | 12.48 | 1.25 | 1140/- | 01 माह | सी |
| 20 | थापर नगर मिशन कम्पाउण्ड की विभिन्न गलियों में इन्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | 9.06 | 0.91 | 855/- | 01 माह | डी |

T.N.-63

17.12.15 JE(?)

17/12/15

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | ग्राम–सैनी स्थित गजगढ मीनार के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.53 | 0.96 | 855/- | 02 माह | डी |
| 22 | रक्षापुरम योजना में सडक व नालियों की सफाई व कूड़ा निस्तारण का कार्य। | 6.31 | 0.64 | 855/- | 06 माह | डी |
| 23 | थापर नगर की गली नं0–2 व 3 की सडक सुदृढीकरण का कार्य। | 5.35 | 0.54 | 855/- | 02 माह | डी |
| 24 | शताब्दी नगर योजना के सेक्टर–1 पाकेट–सी में भूखण्ड संख्या 59 से 74 तक प्रीमिक्सिंग का कार्य। | 3.21 | 0.33 | 585/- | 01 माह | डी |
| 25 | यादव कालोनी, रतन नगर तथा मुल्तान नगर में 20 नग स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य। | 1.50 | 0.15 | 585/- | 15 दिन | डी |
| 26 | गंगा नगर योजना पाकेट–जीपी में ओवर हैड टैंक के प्रवेश पर सुरक्षा जाल लगाने का कार्य। | 1.69 | 0.17 | 585/- | 15 दिन | डी |

**शर्तें:–**

1. **इच्छुक निविदादाताओं को अधिशासी अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ के पक्ष में निर्धारित धनराशि की विधिवत् बन्धक प्रतिभूति, एन0एस0सी0/राष्ट्रीकृत अथवा शेड्यूल बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0 अग्रिम धरोहर धनराशि के के रूप में निविदा के साथ संलग्न करनी अनिवार्य होगी।**
2. उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण के नाम, मेरठ में देय, निर्धारित निविदा शुल्क की धनराशि राष्ट्रीकृत अथवा शेड्यूल बैंक द्वारा जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट, के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना भी अनिवार्य होगा।
3. **निविदा प्रपत्र प्राधिकरण कार्यालय से निर्गत नहीं किये जायेंगे, मात्र प्राधिकरण की वैबसाइट पर ही उपलब्ध रहेंगे।**
4. निविदाओं को बिना कारण बतायें अस्वीकार करने या अनुबन्ध करने के लिये उचित शर्ते तय करने का अधिकार उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ को है।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
6. कार्यों के सम्मुख अंकित श्रेणी के अनुसार उसी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों की निविदायें ही प्रतिभाग हेतु मान्य होंगी/खोली जायेंगी व तकनीकी बिड/निविदा के साथ पंजीकरण प्रपत्र/नवीनीकरण प्रपत्र, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. क्रम संख्या–01 से 12 पर अंकित कार्यों हेतु टू–बिड पद्धति पर निविदायें आमन्त्रित की जाती है।
8. क्रम संख्या–13, 14 व 15 पर अंकित कार्यों हेतु विशेषज्ञ फर्मों से खुली निविदाये आमन्त्रित की जाती हैं।
9. क्रम संख्या–15 पर अंकित कार्य हेतु निविदादाता द्वारा 15 किलोवाट क्षमता के सोलर पॉवर प्लान्ट का कार्य सन्तोषजनक रूप से पूर्ण किये जाने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
10. क्र0सं0 17 व 18 पर अंकित कार्यों हेतु हॉटमिक्स प्लान्ट का स्वामित्व होना अनिवार्य है।
11. **निविदा प्रपत्र (Tender document) में समान प्रकृति के कार्यो की परिभाषा (Clarification) साथ में संलग्नक–'A' पर उपलब्ध है, जो कि निविदा प्रपत्र का महत्वपूर्ण अंश है।**
12. विद्युत सम्बन्धी कार्यों हेतु उ0प्र0 विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा अनुमोदित लाईसेंस धारक ही निविदा में भाग ले सकते है।
13. ठेकेदार द्वारा निविदत्त दरें बी0ओ0क्यू0 में वर्णित दरों से निम्न प्राप्त होने पर नियमानुसार अतिरिक्त परफोरमेन्स सिक्योरिटी देय होगी।
14. कार्यो के विषय में विरतृत शर्ते एंव अन्य विवरण सम्बन्धित खण्ड/अनुभाग के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।
15. उपरोक्त निविदा सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट www.mdameerut.in पर उपलब्ध है।

17/12/15

मुख्य अभियन्ता,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ। 17.12.15

पत्रांक: 413 /मु0अभि0–कार्या0/2015–16 दिनांक 15.12.2015

प्रतिलिपि:

1. उपाध्यक्ष/सचिव/वित्त नियन्त्रक महोदय को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय/अधिशासी अभियन्ता/योजना प्रभारी को इस आशय कि वह अपने स्तर से सम्बन्धित कार्यों के निविदा प्रपत्र कम्प्यूटर अनुभाग में प्राधिकरण की वैबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
3. श्री शरद श्रीवास्तव, सहायक प्रोग्रामर को निविदा सूचना प्राधिकरण की वैबसाईट पर डालने एवं निर्धारित दिनांक व समय पर अपलोड करायी गयी निविदा प्रपत्रों को वैबसाईट से हटाने हेतु।
4. अवर अभियन्ता–रखरखाव को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

17/12/15

मुख्य अभियन्ता,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ। 17.12.15

T.N.-04

## संलग्नक–'A '

### निविदा प्रपत्र (Tender document) में समान प्रकृति के कार्यों की परिभाषा (Clarification)

1. बहुमंजिली बिल्डिंगः– का तात्पर्य 15 मीटर की ऊँचाई से अधिक ऊँचाई की बिल्डिंग से होगा, जिसमें बेसमेन्ट/स्टिल्ट पार्किंग का निर्माण, लिफ्ट एवं फायर सेफ्टी सम्बन्धी कार्यों का प्राविधान भी किया गया हो।

2. 33 के0वी0 लाईन शिफ्टिंगः– का तात्पर्य होगा कि अण्डरग्राउण्ड 33 के0वी0 लाईन/11 के0वी0 लाईन बनाने अथवा शिफ्टिंग का कार्य किया हो।

3. नाले का निर्माणः– का तात्पर्य होगा कि ठेकेदार द्वारा आर0सी0सी0 नाले (स्टार्म वाटर ड्रेन) का कार्य किया गया हो।

4. साईकिल ट्रैकः– का तात्पर्य होगा कि जिस ठेकेदार द्वारा प्रदेश भर में कहीं भी साईकिल ट्रैक एवं तत्सम्बन्धी कार्य किया गया हो अथवा किया जा रहा हो।

5. सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रैकः– का तात्पर्य होगा कि ठेकेदार द्वारा विशिष्ट प्रकृति का सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रैक का कार्य देश में कहीं भी किया गया हो अथवा किया जा रहा हो।

6. भवनों के मध्य विकास कार्यः– का तात्पर्य होगा कि ठेकेदार द्वारा एक ही पॉकेट में सड़क, वाटर सप्लाई, सीवरेज, ड्रेनेज एवं अनुषांगिक कार्यों का कम्पोज़िट कार्य किया हो।

7. इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं रिटेनिंग वाल का कार्यः–का तात्पर्य होगा कि ठेकेदार द्वारा इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवँ रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य कम्पोज़िट वर्क के रूप में किया गया हो अथवा किया जा रहा हो।

मुख्य अभियन्ता 17/11/15